LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# Notes & Decision

**Department** : CZ_EOS
**Office** : CZ

**Ref No** : Note/2022/CZ_EOS/213
**Subject** : बिना हथियार सुरक्षा गार्ड के लिये निविदा हेतु

**Date** : 15-02-2023

---

उक्त सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन दिनांक 13.08.2021 के अनुसार मध्य क्षेत्रीय कार्यालय एवं भोपाल स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की विभिन्न सम्पत्तियों पर सुरक्षा व्यवस्था संचालित करने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर ओपन टेंडर के माध्यम से अनुबंध जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया था जोकि दिनांक 05.01.2022 से प्रभावी था एवं इसकी समाप्ति तिथि 04.01.2023 थी एवं जेम पोर्टल पर दर्शाई गई शर्तों के अनुसार यह टेंडर समाप्ति तिथि के पश्चात् छः माह के लिये विस्तारित किया जा सकता है तद्नुसार इसे विस्तारीकरण की अनुमति सक्षम अधिकारी द्वारा दिनांक 15.12.2022 को ली गई थी एवं इस टेंडर का विस्तारीकरण दिनांक 04.07.2023 तक के लिये कर दिया गया | चूँकि बिना हथियार सुरक्षा गार्ड के टेंडर को पूर्ण करने मे चार से पांच माह का समय लग जाता है इसलिए हमें इस प्रक्रिया को अभी से प्रारम्भ करना है |

माह जनवरी 2022 से माह दिसंबर 2022 तक इस मद में कुल रूपये 76,34,479=00 की राशि व्यय हुई एवं इस वर्ष लगभग रूपये 80,00,000=00 व्यय होने की सम्भावना है क्योंकि भारत सरकार द्वारा समय समय पर गार्डों के दैनिक वेतन में परिवर्तन किया जाता है | वर्तमान में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल एवं भोपाल स्थित अन्य स्थानों पर बिना हथियार 20 सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति है जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| Sl.No. | Place | Forenoon | Evening | Night | Day | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CZO Bhopal | 01 | 01 | 01 | 02 | 05 |
| 2. | Z.M. RESIDENCE Arera Coloney,Bhopal | 01 | 01 | 01 | - | 03 |
| 3. | Jeevan Anand, Gautam Nagar,Bhopal | 01 | 01 | 01 | - | 03 |
| 4. | Jeevan Kunj, Nehru Nagar,Bhopal | 01 | 01 | 01 | - | 03 |
| 5. | Jeevan Vihar, Kotra,Sultanabad,Bhopal | 01 | 01 | 01 | - | 03 |
| 6. | D-24,Officers Quarter,Machna Colony | 01 | 01 | 01 | - | 03 |

**TOTAL** :- 20

उक्त बिना शस्त्र सुरक्षा गार्ड की निविदा जेम पोर्टल से बुलवाने हेतु निविदा निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रस्तुत करनी होगी :-

1. सर्विस चार्ज न्यूनतम होगा परन्तु किसी भी दशा में राशि निरंक नहीं होगी |
2. निविदाकर्ता का न्यूनतम टर्न ओवर पिछले तीन वित्तीय वर्षों(2019-20,2020-21,2021-22) में 40 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिये | इस हेतु पिछले तीन वित्तीय वर्ष का CA का Certificate/PL –Audited Balance

3. निविदाकर्ता द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों(2019-20,2020-21,2021-22) में कम से कम 40 लाख के किये गये सुरक्षा गार्ड निविदा का कार्य (सिंगल प्रोजेक्ट) प्रतिवर्ष किया होना चाहिए एवं इस सन्दर्भ Completion Certificate या Running Project Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा |

4. निविदाकर्ता का स्थानीय एवं Functional Office दिनांक 01.04.2021 से या इसके पूर्व भोपाल (स्थानीय) में होना अनिवार्य है एवं इसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है | एवं स्थानीय कार्यालय का निगम द्वारा निरिक्षण भी किया जा सकता है |

5. निविदाकर्ता के पास Private Security Regulations Act (PSRA) के अंतर्गत वैध लाइसेंस मध्य प्रदेश राज्य का होना आवश्यक है एवं इसे प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

6. अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी एवं संतोषजनक सेवाएं देने पर वर्तमान शर्तों पर दोनों पक्षों की परस्पर सहमती से अनुबंध एक वर्ष के लिये विस्तारित जा सकता है एवं यह विस्तारीकरण दो बार किया जा सकता है |

7. निविदाकर्ता को PAN CARD , GST Registration,ESIC Registration , PF Registration एवं Shop & Establishment Act के अंतर्गत पंजीकरण की वैध प्रति लगाना अनिवार्य है |

8. सफल निविदाकर्ता को निविदा मूल्य का 10% या अनुबंध के समय प्रचलित दर पर सुरक्षा निधि कार्यालय में जमा करना होगी | यह राशि अनुबंध समाप्ति तक जमा रहेगी एवं इस राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा |

9.निविदाकर्ता को निविदा के साथ संलग्न Pre Integrity Pact हस्ताक्षर करके लगाना अनिवार्य है |

10.फर्म, कंपनी के पंजीकरण के प्रमाण पत्र की प्रति लगाना अनिवार्य है |

11.पिछले तीन वित्तीय वर्ष(2019-20,2020-21,2021-22) के ITR with computation की प्रतिलिपि निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

12.Successful tenderer have to follow in terms of provisions of section 33(3) of insurance Act, 1938 as amended by the insurance Laws (Amendments) Ordinance, 2014, Insurace Regulatory Authority of India (IRDA) is authorizes to verify all such books of accounts,register, Other documents and the data base in the custody of contractor in respect of service outsourced by the LIC of India. It shall be the duty of te contractor to provide such documents/statements.information as may be required by IRDA within such time as may be specified by the IRDA.

13. एक से अधिक L-1 निविदाकर्ता होने पर जेम पोर्टल के RUN L-1 आप्शन के माध्यम से L-1 का चयन किया जायेगा जिसमें जेम पोर्टल द्वारा ही L-1 निविदाकर्ता का चयन किया जाता है | यदि जेम पोर्टल द्वारा RUN L-1आप्शन में स्वत: चयन नहीं किया गया तो पिछले तीन वित्तीय वर्ष(2019-20,2020-21,2021-22) के वार्षिक औसत टर्न ओवर के अनुसार सबसे अधिक वार्षिक औसत टर्न ओवर वाले निविदाकर्ता को चयनित किया जायेगा |

उक्त निविदा को जेम पोर्टल से बुलवाने हेतु एवं निविदा की सूचना LIC Website पर देने हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष नोट प्रस्तुत है |

**Note Created By :a.purohit (Admn Officer , 223409) on 15/02/2023 15:20:18**

**Comments Added By :sanjayjain (Asst Actuary (ADM) , 218831) on 15/02/2023 15:32:29**

---

Note put up for approval of security guards tendering

**Comments Added By :m.gaikwad (Secretary (DZM) , 455579) on 16/02/2023 10:32:32**

---

Sir, your kind approval is sought for the requisite tendering.

**Comments Added By :dharam.pal (Regional Manager (ZM) , 182005) on 23/02/2023 11:28:50**

---

## अनुमोदित/Approved

**By: prakash.chand (Zonal Manager (IC / ED) , 217017) on 27/02/2023 14:11:50**

---